विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली
MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS
NEW DELHI

सत्यमेव जयते

पावती सहित पंजीकृत डाक द्वारा

सूचना का अधिकार मामला

समयबद्ध

**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय ,नई दिल्ली**

**चीन प्रभाग**

सं. ई/551/ 18 /2017-आरटीआई

28 फ़रवरी, 2017

**सेवा मे,**
**ओमप्रकाश सैनी**
**पुत्र श्री बजरंग लाल सैनी**
**एलआईसी ऑफिस के पीछे प्लॉट न. 7, आदर्श नगर**
**जयपुर रोड. मालपुरा -304502**

**विषयः सूचना का अधिनियम 2005 ,के अंतर्गत माँगी गई सूचना**

महोदय,

कृपया गृह मंत्रालय को संबोधित दिनांक 16.01.2017 के अपने आरटीआई आवेदन का अवलोकन करें जिसे आरटीआई प्रकोष्ठ, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली को स्थानांतरित किया गया था।

2. चीन के संदर्भ में आपके प्रश्न का उत्तर निम्नानुसार हैः-

*जम्मू और कश्मीर में भारत की भूमि का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्जे में है। इसके इतिरिक्त, 2 मार्च. 1963 को चीन तथा पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित किए गए तथाकथित चीन-पाकिस्तान "सीमा-करार" के तहत पाकिस्तान ने पाक अधिकृत कश्मीर के 5,180 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अवैध रूप से चीन को दे दिया है।*

*जम्मू और कश्मीर राज्य भारत का एक अभिन्न एव अटूट हिस्सा है। यह बात उच्चतम स्तरों सहित कई अवसरों पर चीन को सूचित किया गया है।*

3. यदि आप इस उत्तर से संतुष्ट नहीं है, तो आप इस पत्र की प्राप्ति की तिथि से एक माह के भीतर श्री सुजीत घोष, निर्देशक (पूर्व एशिया) एवं अपीलीय प्राधिकारी, विदेश मंत्रालय, साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110011 को अपील दायर कर सकते हैं।

भवदीय

प्रसन्न श्रीवास्तव

(प्रसन्न श्रीवास्तव), IFS

उपसचिव (चीन और कोरिया), एवं कैंद्रीय लोक सूचना अधिकारी

प्रतिलिपि प्रेषितः

1. श्री मुकेश कुमार अंबस्ता, अवर सचिव (आरटीआई), विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली

आर टी आई मामला/समयबद्ध
288/2017

सं. ए-43020/01/2017-आर टी आई

14

भारत सरकार
गृह मंत्रालय

731
10/02/17

-----

नई दिल्ली, दिनांक 23/01/, 2017

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत श्री/~~श्रीमती/कुमारी/सुश्री~~ ....ओम प्रकाश सैनी....के आवेदन का अंतरण ।

*******

इस मंत्रालय में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत श्री/~~श्रीमती/कुमारी/सुश्री~~ --ओम प्रकाश सैनी------का दिनांक ~~-/--/201~~ का आवेदन -------- से अंतरण द्वारा प्राप्त हुआ है (इस मंत्रालय में दिनांक 16/01/2017 को प्राप्त) । चूंकि अपेक्षित सूचना विदेश मंत्रालय, लोक सभा एवं राज्य सभा सचिवालय मंत्रालय/विभाग/कार्यालय से संबंध रखती है/के कार्यों से संबंधित है, अत:, आवेदन को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3) के अंतर्गत उस लोक प्राधिकारी को सूचना उपलब्ध कराने के लिए अंतरित किया जा रहा है। यह अनुरोध किया जाता है कि यदि विषयवस्तु किसी अन्य प्राधिकारी से संबंधित है, तो आवेदक को सूचित करते हुए आवेदन को आगे उस लोक प्राधिकारी को अंतरित कर दिया जाए।

2. आवेदक ने रसीद सं. 40831 दिनांक 20/01/2017 (प्रति संलग्न) के माध्यम से 10/- रूपये का निर्धारित शुल्क अदा कर दिया है/~~अदा नहीं किया है क्योंकि वह गरीबी रेखा से नीचे के वर्ग से संबंधित है।~~

अनुलग्नक : यथोपरि

US(Chi...)
US(Pers)
SO(RTI)

वी.के. राजन
(वी.के. राजन)
उप सचिव (स्था.) एवं
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

सेवा में

1) अवर सचिव (आर-टी-आई), विदेश मंत्रालय, जवाहर लाल नेहरू भवन, जनपथ, नई दिल्ली।
2) नोडल केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, लोक सभा सचिवालय, संसद भवन अनेक्स, नई दिल्ली।
3) नोडल केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, राज्य सभा सचिवालय, संसद भवन अनेक्स, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :-

श्री/श्रीमती/कुमारी/सुश्री ओम प्रकाश सैनी,
प्लॉट न. 7, आदर्श नगर
जटपुर रोड, मालपुरा
जिला टोंक - 304502, राजस्थान ।

(उनसे अनुरोध है कि आगे की सूचना प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त के.लो.सू.अधि./लोक प्राधिकारी से संपर्क करें)।

152/2017/RTI
17/01/2017

सेवामें,

श्री मान लोकसूचना अधिकारी

गृहमंत्रालय नई दिल्ली

भारत

16 JAN 2017
59/S.P./RTI

**विषय –सूचना अधिकार कानून 2005 के तहत निम्नलिखित सूचना उपलब्ध करवायें।**

(i) चीन और पाकिस्तान ने भारत की कितनी भूमि को कब –कब अपने अधिकार में लिया?

(ii) भारत सरकार ने इस भूमि को वापस प्राप्त करने का कोई प्रस्ताव संसद में पारित किया हैं?

(iii) अगर प्रस्ताव पारित किया गया हैं तो वह किसके द्वारा लाया गया?

(iv) कितनी पार्टियों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया?और कितनी पार्टियों ने विरोध किया?

(v) जब संसद में प्रस्ताव आया तब लोकसभा व राज्य सभा में किस पार्टी के कितने सांसद थे?

(vi) अब तक कितनी बार इस प्रस्ताव पर चर्चा की गई हैं व किसके निवेदन पर कब–कब चर्चा की गई?

(vii) लोक सभा और राज्य सभा में इस प्रस्ताव की स्थिति क्या है?

(viii) क्या इस बारे में भारत सरकार ने यूएन में भी कोई अपील की हैं? अगर हां तो कब की गई? तथा उस वक्त यूएन में भारत प्रतिनिधि कौन थे?

(ix) यूएन में अपील के वक्त भारत के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, विदेशमंत्री,विदेशीसचिव,व सुरक्षा सलाहकार के पदों पर कौन–कौन था?

(x) यूएन में अपील के वक्त चीन और पाकिस्तान में भारत के राजदूत कौन थे?

23/01/17

MEA

प्रार्थी

ओमप्रकाश सैनी

ओमप्रकाश सैनी S/O बजरंग लाल सैनी

एलआईसी ऑफिस के पीछे प्लॉट न. 7 आदर्श नगर

जयपुर रोड मालपुरा – 304502